# ज्ञानोदय गुरुकुल

**सी.बी.एस.ई. दिल्ली से सम्बद्ध**

**गोला रोड, दानापुर, पटना- ८०१५०३**

**वर्ग- दशम (अर्धवार्षिक परीक्षा- 2019) पूर्णांक-80**

**विषय- हिंदी समय- तीन घंटे**

**निर्देश:**

**(1) इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग, घ ।**

**(2) प्रत्येक खंड के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।**

**(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।**

## ( खंड क )

## अपठित बोध

**1. निम्नलिखित गद्यांशो को सावधानी पूर्वक पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए । (9)**

**(I) कई लोग समझते हैं की अनुशासन और स्वतंत्रता में विरोध है , किन्तु वास्तव में यह भ्रम है । अनुशासन के द्वारा स्वतंत्रता छिन नहीं जाती ,बल्कि दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा होती है । सड़क पर चलने के लिए हम लोग स्वतंत्र हैं, हमें बायीं तरफ से चलना चाहिए किन्तु चाहें तो हम बीच में भी चल सकते हैं। इससे हम अपने ही प्राण संकट में डालते हैं, दूसरों की स्वतंत्रता भी छींनते हैं । विद्यार्थी भारत के भावी निर्माता हैं । उन्हें अनुशासन के गुणों का अभ्यास अभी से करना चाहिए, जिससे वे भारत के सच्चे सपूत कहला सकें ।**

प्रश्न (अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

प्रश्न (ब) दूसरों की स्वतंत्रता की रक्षा किससे होती है ?

प्रश्न (स) भारत के सच्चे सपूत बनने के लिए विद्यार्थियों को कौन से गुणों का अभ्यास करना चाहिए?

प्रश्न (द) विलोम शब्द लिखिए - स्वतंत्रता, सपूत

प्रश्न (इ) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए ।

**(II) धर्म एक व्यापक शब्द है। मजहब, मत, पंथ, या संप्रदाय सीमित रूप हैं । संसार के सभी धर्म मूल रूप से एक ही हैं। सभी मनुष्य के साथ सद्व्यवहार सिखाते हैं । ईश्वर किसी विशेष धर्म या जाति का नहीं । सभी प्राणियों में एक प्राण स्पंदन होता है । उसके रक्त का रंग भी एक ही है । सुख- दुःख का भाव बोध भी उनमें एक जैसा है । आकृति और वर्ण, वेशभूषा और रीति-रिवाज तथा नाम ये सभी ऊपरी वस्तुएँ हैं । ईश्वर ने मनुष्य या इंसान को बनाया है और इंसान ने बनाया है धर्म या मजहब को । ध्यान रहे मानवता या इंसानियत से बड़ा धर्म या मजहब दूसरा कोई नहीं । वह मिलना सिखाता है , अलगाव नहीं । धर्म तो एकता का द्योतक है।**

प्रश्न (अ) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए ।

प्रश्न (ब) धर्म को किसने बनाया है ?
प्रश्न (स) सबसे बड़ा धर्म क्या है ।
प्रश्न (द) विलोम शब्द लिखिए - धर्म , इंसान

**2. निर्देश:**
**नीचे पद्यांश् दिए गए हैं, इनके आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प छांटिए। (6)**

रात यों कहने लगा मुझसे गगन का चांद,
आदमी भी क्या अनोखा जीव होता है।
उलझने अपनी बनाकर आप ही फंसता,

और फिर बेचैन हो जगता, न सोता है।
जानता हैतू कि मै कितना पुराना हूं?
मैं चुका हूं देख मनु को जनमते—मरते
और लाखों बार तुझ—से पागलों को भी
चांदनी में बैठ स्वप्नों पर सही करते।

**(क) कवि के अनुसार कौन अपने आप उलझनें पैदा कर फंसता है?**
(I) अनोखा जीव
(II) आदमी
(III) गगन का चांद
(IV) मनु
**(ख) 'अनोखा जीव' का समानार्थी है**
(I) एक विशेष प्रकार का जानवर
(II) उलझन पैदा करने वाला
(III) एक विशिष्ट शारीरिक रचना वाला प्राणी
(IV) विशिष्ट प्राणी
**(ग) चांदनी' का पर्यायवाची इनमें से कौन—सा नहीं है?**
(I) कौमुदी
(II) चन्द्रिका
(III) ज्योत्सना
(IV) अंशुमाली
**(घ) यहां 'मैं' कि सके लिए प्रयुक्त हुआ है?**
(I) चांदनी के लिए

(II) आदमी के लिए

(III) चांद के लिए

(IV) स्वप्न के लिए

**(ड). बेचैन में उपसर्ग है**

(I) चैन

(II) एन्

(III) बे

(IV) बेच

**(च) तुझ—से का आशय है?**

(I) तुझे

(II) तेरे—को

(III) तेरे—जैसे को

(IV) तुझसे या तुमसे

**(खंड ख)**

**व्यावहारिक व्याकरण**

3. शब्द कब पद बन जाता है? उदहारण देकर उत्तर दीजिए । 2

4. निम्नलिखित का सामासिक पद बनाकर भेद का भी नाम लिखिए । 2

जन का आन्दोलन , नीला है जो कमल

5. निम्नलिखित का विग्रह कर समास भेद का नाम बताईए । 2

नवनिधि, हरिहर

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए । 4

(क) वह गुनगुने गर्म पानी से स्नान करता है ।

(ख) अपराधी को सजा मिलनी ही चाहिए ।

(ग) जो कम करो , वही पूरा जरुर करो ।

(घ) जंगल में एक पागल हाथी हो गया है ।

7. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य बनाएं । 3

(क) बाएँ हाथ का खेल होना

(ख) नमक मिर्च लगाना

(ग) चेहरा मुरझा जाना

8. रिक्त स्थानों की पूर्ती कीजिए । 2

(क) वाक्य में प्रयुक्त शब्द _________ कहलाते हैं ।

(ख) द्वंद्व समास के __________ प्रधान होते हैं ।

## (खंड ग)

## पाठ्य पुस्तक

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।        2+2+1=5**

9. (क) छोटा भाई कमरे में आकर क्यों भयभीत हो जाता था ?

(ख) पुलिस झंडा गाड़ने का विरोध क्यों कर रही थी ?

(ग) बड़े भाई ने पहले-पहल लेखक को किसलिए डाटा था?

10. ततांरा और बामिरो की मृत्यु कैसे हुई? पठित पाठ के आधार पर लिखिए ।    5

11. (क) मीरा कृष्ण की चाकरी करने को इतनी आतुर क्यों है?    2

(ख) यशोधरा किसकी रचना है?    1

(ग) छाया भी कब छाया ढूंढने लगती है?    2

12. कबीर का जीवन परिचय 60 से 80 शब्दों में लिखिए ।    5

13. ठाकुरबाड़ी सद्दश संस्थाओ का ग्रामीण समाज के प्रति कर्तव्यों तथा भूमिका के महत्त्व पर प्रकाश डालिए ।    5

## (खंड घ)

## लेखन

14. आपके महल्ले में प्रकाश व्यवस्था खराब है । क्षेत्र के विद्युत् अधिकारी महोदय को इस विषय पर प्रार्थना पत्र लिखिए ।    5

15. दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए ।    5

(I) मातृभूमि
- हमारी मातृभूमि
- हमारा लगाव
- हमारे कर्तव्य

(II) शारीरिक शिक्षा और योग
- क्या और क्यों
- योग का स्वरुप
- शारीरिक शिक्षा और योग
- प्रभाव और परिणाम

16. अपनी नई चप्पल कंपनी के लिए 20 से 30 शब्दों का विज्ञापन तैयार कीजिए ।   5

17. मोबाईल के उपयोग को लेकर अध्यापक और अभिभावक के बीच हुए वार्तालाप का मुख्य अंश लगभग 50 से 60 शब्दों में लिखें ।    5

18. आप विद्यालय के उप प्रधानाचार्य हैं । विद्यालय के सूचनापट्ट के लिए सूचना तैयार कीजिए कि 20 अक्टूबर को विद्यालय में हिंदी निबंध लेखन की प्रतियोगिता होगी जिसका विषय प्रतिभागियों को प्रतियोगिता शुरू होने के तुरंत पहले दिया जाएगा ।    5